दिनांक : 03.06.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- पराक्रमी राजा भभूत सिंह को समर्पित प्रदेश मंत्रिपरिषद की आज पचमढ़ी में बैठक।
- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जल संचयन जन भागीदारी अभियान में खंडवा जिला देश में प्रथम।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम जारी। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिहार में लिया हिस्सा।
- आईपीएल क्रिकेट में आज मिलेगा नया चैंपियन। पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू के बीच होगी खिताबी भिडंत।

मुख्यमंत्री कैबिनेट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज पचमढ़ी के राजभवन में मंत्रि-परिषद की बैठक होगी। यह ऐतिहासिक बैठक पराक्रमी राजा भभूत सिंह को समर्पित होगी। बैठक में जनजातीय विरासत, प्राकृतिक संपदा और विकास के लिये नये संकल्प किये जायेंगे। यह अवसर जनजातीय नायकों के गौरव पचमढ़ी जैसे धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय रूप से महत्वपूर्ण स्थल को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के अंतर्गत 33.88 करोड़ रुपये की लागत के 11 विकास कार्यों का लोकार्पण और 20.49 करोड़ रुपये की लागत के 6 कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैबिनेट बैठक विशेष रूप से गौंड शासक राजा भभूत सिंह की स्मृति को समर्पित होगी।

जल संचय-खंडवा

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे जल संचय, जनभागीदारी अभियान में प्रदेश के खंडवा जिले ने देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीँ, राज्यों की श्रेणी में देश में मध्यप्रदेश चौथे नंबर है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पानी का संचयन करने के लिए मप्र में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।

खंडवा जिले के कलेक्टर रिषभ गुप्ता ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खंडवा जिले में जनसहयोग से 1 लाख 29 हजार से अधिक संरचनाओं का निर्माण एवं पंजीकरण किया गया है।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जारी रैंकिंग के आधार पर भारत सरकार द्वारा जिले में हुए कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद ही केंद्र सरकार द्वारा पुरस्कार की घोषणा की जाएगी। गौरतलब है कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा 6 सितंबर 2024 को जल शक्ति अभियानः कैच द रेन के तहत जल संचय, जन भागीदारी पहल की शुरुआत की गई थी । जिसका उद्देश्य कम लागत, वैज्ञानिक और सामुदायिक तरीके से भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा देना है। -संजीव शर्मा,आकाशवाणी समाचार,भोपाल

नीट पीजी - स्थगित

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज - एन बी ई एम एस ने नीट-पीजी परीक्षा स्थगित कर दी है। यह परीक्षा इस महीने की 15 तारीख को होनी थी। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए बोर्ड ने नीट-पीजी परीक्षा को एक ही शिफ्ट में आयोजित करने का फैसला किया है। बोर्ड ने कहा है कि परीक्षा के लिए अधिक केंद्रों और आवश्यक बुनियादी ढांचे की व्यवस्था करने के उद्देश्य से इसे स्थगित किया गया है। बोर्ड ने कहा कि परीक्षा की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

भारत के निरंतर प्रयासों के तहत ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत और आतंकवाद के खिलाफ भारत की सिद्धांतवादी एवं दृढ़ निश्चयी नीति के अनुरूप विभिन्न देशों में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल यात्रा कर रहा है। एनसीपी-एससीपी सांसद सुप्रिया सूले के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल कल काहिरा, मिस्र में मिस्री संसदीय सदन के सदस्यों के साथ चर्चा की। डीएमके सांसद कनिमोज़ी ने स्पेन में विदेश मंत्री जोसे मैनुअल अलबारेस और यूरोपीय

संघ एवं सहयोग मंत्री से पलासियो डी विआना में मुलाकात की। वहीं बीजेपी सांसद बैजयंती पांडा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अल्जीरिया की यात्रा पर है। जेडीयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक अन्य सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने मलेशियाई थिंक टैंक्स और अकादमिक जगत के नेताओं के साथ चर्चा की। सांसद रवीशंकर प्रसाद ने यूनाइटेड किंगडम में होर्नसी और फ्रियरन बर्नेट के सांसद कैथरीन वेस्ट से मुलाकात की।

विकासित कृषि संकल्प अभियान-बिहार -शिवराज

विकासित कृषि संकल्प अभियान के तहत कल केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिहार के मोतिहारी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय अभियान का मुख्य उद्देश्य लाभान्वित किसानों तक विभिन्न योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों पहुंचाना है।उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए एक नई अधिनियम लाया जाएगा, जिसमें मिलावटी कीटनाशकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दतिया फ्लाईट

दतिया में एयरपोर्ट बनने के साथ ही भोपाल से दतिया के बीच फ्लायबिग की उड़ान आज से शुरू होने जा रही है। कल उड़ान का शेड्यूल जारी किया गया, इसके अनुसार 19 सीट वाले विमान को सप्ताह में चार दिन चलाया जाएगा। सोमवार से गुरुवार तक इसकी सुविधा यात्रियों को मिलेगी।

फ्लायबिग का विमान भोपाल से दोपहर 1ः00 बजे उड़ान भरेगा और 2ः10 पर दतिया पहुंचेगा। यही विमान 4ः45 पर दतिया से उड़ान भरकर 5ः55 पर भोपाल पहुंचेगा।

विश्वास सारंग

भोपाल में भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व कैलाश नारायण सारंग की जयंती के अवसर पर मातृ-पितृ भक्ति दिवस मनाया गया। इस मौके पर बुजुर्ग दंपत्तियों का सम्मान, 31 जोड़ों का निःशुल्क विवाह हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक राज्य के खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग थे। इस अवसर पर भोपाल की नरेला विधानसभा के सभी 17 वार्डों में बुजुर्गों के लिये डे-केअर सेंटर का भूमिपूजन हुआ। अपने संबोधन में केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि स्व कैलाश सारंग अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सशक्त करने की चिंता करते थे।

राहुल गांधी-भोपाल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज भोपाल प्रवास पर आ रहे हैं। श्री गांधी प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के "संगठन सृजन अभियान" का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वह कई बैठकों में हिस्सा लेंगे। श्री गांधी राजनैतिक मामलों की समिति की बैठक, सांसदों एवं विधायकों के साथ संवाद, पार्टी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों एवं नव सृजित प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारियों की बैठक, के साथ ही रविन्द्र भवन में आयोजित कांग्रेस प्रतिनिधियों के अधिवेशन में हिस्सा लेंगे।

एनसीसी संयुक्त बैठक

आज भोपाल में होने वाली एनसीसी अधिकारियों और राज्य स्तरीय प्रतिनिधियों की उच्च स्तरीय संयुक्त बैठक में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि इस बैठक में एनसीसी की विस्तार योजना पर विचारविमर्श और एनसीसी एवं राज्य सरकारों के बीच बेहतर सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।

आईपीएल फाइनल

इंडियन प्रीमियर लीग-आईपीएल 2025 का फाइनल मैच आज खेला जाएगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच यह खिताबी मैच अहमदाबाद में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। दोनों ही टीमें आज तक आईपीएल का खिताब नहीं जीत पाई है। पंजाब किंग्स की टीम 11 साल बाद और रॉयल चेलेंजर्स बैंगलुरू की टीम 9 साल बाद फाइनल में पहुंची है। दोनों टीमों के बीच इस सीजन में तीन मैच खेले गए, जिनमें से दो में बैंगलुरू ने जीत हासिल की है।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मेघालय घूमने गए इंदौर निवासी राजा रघुवंशी की असामयिक मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। पिछले 11 दिनों से लापता राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम की खोज के दौरान कल राजा रघुवंशी का शव मिला है, जबकि पत्नी सोनम के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है।
- मंडला जिले में जिला स्तरीय डीएलसीसी की बैठक मे कल सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट ने रोजगारमूलक योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा की।
- डिंडोरी जिले में जनपद पंचायत समनापुर में आयोजित शिविर में कल बैगा परिवार के सदस्यों की समस्याओं का समाधान एवं निराकरण किया गया।

- मंदसौर जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित होने वाला खाद्यान्न पात्र परिवारों जून माह में 3 महीने का राशन एकसाथ दिया जाएगा।
- आगरमालवा जिले मे मलेरिया निरोधक माह के तहत कल जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा मलेरिया रथ को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया।
- खंडवा कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने फार्मर आईडी कार्य में लापरवाही बरतने पर 6 पटवारियों को निलंबन का नोटिस जारी किया है।
- रायसेन कलेक्टर ने कल टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाईन तथा विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की एवं जलगंगा अभियान के तहत शत-प्रतिशत कार्य करने वाले उपयंत्री, रोजगार सहायक तथा सचिव को सम्मानित किया।

-------